किसानों ने निकाली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

इंदौर. प्रधानमंत्री के 'हर घर तिरंगा' अभियान के आह्वान के तहत शुक्रवार को इंदौर में किसानों द्वारा ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली गई. किसान युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र आंजना के नेतृत्व में आयोजित इस यात्रा में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ट्रैक्टरों पर तिरंगा ध्वज लगाकर देशभक्ति का संदेश दिया. यात्रा की शुरुआत शिवाजी वाटिका से हुई. यहां से किसान अपने ट्रैक्टरों के साथ तिरंगा लेकर रवाना हुए. यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए भंवरकुआं पहुंची, जहां इसका समापन किया गया. पूरे यात्रा मार्ग में किसानों में खासा उत्साह नजर आया.

ट्रैक्टर चालक किसान लक्ष्मीनारायण चांगल ने बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा 'हर घर तिरंगा' यात्रा के लिए किए गए आह्वान से प्रेरित होकर किसानों ने यह आयोजन किया. उन्होंने कहा कि तिरंगा देश की एकता, अखंडता और गौरव का प्रतीक है. किसानों ने यात्रा के माध्यम से देश के प्रति अपना सम्मान और राष्ट्रभक्ति की भावना व्यक्त की.

किसान प्रेम चांगल ने कहां कि देश के विकास में किसान महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और राष्ट्रीय पर्व व देशहित से जुड़े अभियानों में किसान भी बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।ट्रैक्टरों पर लहराते तिरंगों के साथ निकली यात्रा ने शहर में देशभक्ति का माहौल बना दिया।

सेल्फी लेकर दिया देशभक्ति का संदेश

इंदौर. स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जयंतीलाल हीराचन्द संघवी गुजराती इनोवेटिव कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस में तिरंगा अभियान के तहत तिरंगा सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में 32 विद्यार्थियों सहित कॉलेज के समस्त प्राध्यापकगण ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की.

विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर देशप्रेम एवं राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया. इस दौरान पूरे कॉलेज परिसर में राष्ट्रप्रेम और उत्साह का माहौल देखने को मिला. कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. सौरभ परिख एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सीमा सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. किंजल शाह ने किया. तिरंगे के साथ ली गई सेल्फी के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देश की एकता, अखंडता और राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया.

देशभक्ति गीतों पर बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुति

इंदौर. श्री साईं विद्या मंदिर स्कूल में आज स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया. कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. विशेष रूप से नर्सरी कक्षा के बच्चों के लिए यह स्वतंत्रता दिवस खास रहा, क्योंकि स्कूल में उनका यह पहला स्वतंत्रता दिवस था.

इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया. बच्चों ने उत्साह के साथ ड्राइंग बनाई और स्वतंत्रता दिवस की खुशियां साझा कीं. कार्यक्रम के दौरान बच्चों को लड्डू और चॉकलेट भी वितरित की गईं. बच्चों ने तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर इस खास दिन को यादगार बनाया. स्कूल परिसर में पूरे कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा. शिक्षकों ने बच्चों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए देश के प्रति प्रेम और सम्मान की भावना बनाए रखने का संदेश दिया.

एमपी फूड फेस्ट के पहले दिन दिखा खान-पान और लोक संस्कृति का संयुक्त रंग

इंदौर. फिनिक्स सिटाडेल मॉल में आयोजित तीन दिवसीय मध्य प्रदेश फ़ूड फ़ेस्टिवल का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ. पहले दिन विभिन्न फूड कॉर्नर, जीआई उत्पादों के स्टॉल और अन्य फूड स्टॉल लोगों के लिए शुरू किए गए. मालवा, मध्य क्षेत्र, बुंदेलखंड, बघेलखंड और आदिवासी अंचलों सहित प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों के पारंपरिक व्यंजनों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया. विजिटर्स ने विभिन्न क्षेत्रीय स्वादों का आनंद लिया. फूड फेस्टिवल में ब्लॉक प्रिंटिंग, बूनाई, पेंटिंग, गुड़िया पेंटिंग जैसी कई कला गतिविधियां के स्टाल्स भी लगाए गए है.

इसके अलावा कार्यक्रम में मालवा और निमाड़ की लोक प्रस्तुतियों के साथ लोक कलाकारों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं. पहले दिन फेस्टिवल में भोजन, कला और लोक संस्कृति का सुंदर संगम देखने को मिला. आयोजकों ने शहरवासियों से 14, 15 और 16 अगस्त को फीनिक्स सिटाडेल मॉल पहुंचकर मध्य प्रदेश की समृद्ध पाक विरासत, स्थानीय व्यंजनों और पारंपरिक स्वादों का आनंद लेने तथा इस अनूठे फूड फेस्टिवल का हिस्सा बनने की अपील की है.

गन्ने व कॉर्न स्टार्च से बने कटलरी आयटम

रेस्ट्रोमित्र के यश रावका ने बताया कि हमारे स्टाल पर बायो डिग्रेडेबल मटेरियल से बने कटलरी आयटमस है. यह इको फ्रेंडली और जीरो प्लास्टिक प्रोडक्ट है. इसमें चम्मच, प्लेट, थाली और कप शामिल है.

मालवा, चंबल और महाकौशल के लजीज जायके

फूड फेस्ट में प्रदेश के सभी अंचलो के जायके छाए हुए है. मालवा का भुट्टे का किस, गराडू, चंबल की बेड़ई पूरी, महाकौशल की खोवा जलेबी-गटपट और आदिवासी अंचल की घुघनी चाट, कुटकी पुलाव और महुआ आइसक्रीम को लोग खूब पसंद कर रहे है.

मुगल पर्शियन डिजाइन की हैंड ब्लॉक प्रिंट

हैंड ब्लॉक प्रिंट बना रहे अब्दुल हलीम ने बताया कि हैंड ब्लॉक प्रिंट पर साड़ी, सूट और स्टाल्स बना रहे है. इसकी विशेषता यह है कि यह हैंड ब्लॉक प्रिंट मुगल पर्शियन डिजाइन पर आधारित होती है.

नन्हे विद्यार्थियों ने दिखाया देशप्रेम

पिनेकल ड्रीम्स स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह का शुभारंभ

इंदौर. सिलिकॉन सिटी स्थित पिनेकल ड्रीम्स स्कूल में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दो दिवसीय समारोह का शुभारंभ शुक्रवार को उत्साह और देशभक्ति के माहौल में हुआ. समारोह में प्री-नर्सरी से कक्षा छठी तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया. नन्हे विद्यार्थियों ने तिरंगे के रंगों से सजे परिधानों और विभिन्न वेशभूषाओं के माध्यम से देशभक्ति की भावना को जीवंत किया.

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा लेकर देश के प्रति सम्मान और प्रेम का संदेश दिया. बच्चों ने सैनिक, वायुसेना सहित विभिन्न देशभक्ति से जुड़ी वेशभूषाएं धारण कर आकर्षक प्रस्तुतियां दीं. विद्यालय परिसर में तिरंगे रंगों से की गई सजावट ने समारोह की भव्यता को और बढ़ाया. बच्चों की प्रस्तुतियों में अनुशासन, उत्साह और देशप्रेम की झलक देखने को मिली. शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व को समझते हुए राष्ट्रीय एकता और गौरव का संदेश दिया. कार्यक्रम में बच्चों की मासूम प्रस्तुतियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया. विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य आयोजन 15 अगस्त को किया जाएगा. इस अवसर पर अंगदान जागरूकता अभियान के सहयोगी एवं समाजसेवी संदीपन आर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे और ध्वजारोहण करेंगे. इसके बाद विद्यार्थियों द्वारा परेड, पी.टी. प्रदर्शन और देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी. समारोह में विद्यालय के निदेशक दिलीप परियानी एवं प्रधानाचार्या दीपा परियानी की विशेष उपस्थिति रहेगी. संचालन पूनम वर्मा करेंगी.

सत्यमेव जयते
GOVERNMENT OF INDIA
CENTRAL RESERVE POLICE FORCE

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल
राष्ट्र के शांति रक्षक

शौर्य चक्र

अंजनी कुमार
उप कमांडेंट

दीपक साह
सिपाही

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीआरपीएफ को 02 शौर्य चक्र से अलंकृत किया गया।

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सीआरपीएफ को 24 वीरता पदकों से अलंकृत किया गया।

वीरता के लिए पदक

चौधरी महेश कुमार
द्वितीय कमान अधिकारी

राजीव तिवारी
द्वितीय कमान अधिकारी

राजविन्दर सिंह
सहायक कमांडेंट

नरपत
सहायक कमांडेंट

दान सिंह
निरीक्षक

विकाश यादव
निरीक्षक
(1st बार)

द्रोणाचार्य नाथ
उप निरीक्षक

गंधर्व सिंह
हवलदार

गायकवाड़ विट्ठल साहेबराव
हवलदार

कैलाश चंद कुमावत
हवलदार

प्रह्लाद बसाक
हवलदार

तिलक राज
हवलदार/चालक

यादवेन्द्र कुमार
हवलदार/रेडियो ऑपरेटर

सोमबीर
हवलदार

मो0 मनाज
हवलदार

आप्पु बिश्वास
हवलदार

बिजेन्द्र सिंह सिकरवार
हवलदार

अनूप सिंह
हवलदार

सन बसुमातारी
सिपाही

संजीव कुमार
सिपाही

वेदप्रकाश
सिपाही

बुआ दित्ता
सिपाही
(1st बार)

बाबू लाल
सिपाही

संदीप
सिपाही

CBC 19111/13/0007/2627

visit us at https://crpf.gov.in @crpfindia CRPF-INDIA crpf_centralreservepoliceforce CRPF